वाणिज्य विभाग,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाजपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड
website- www.gpgcbazpur.in email id- mcombzp@gmail.com **Ph. 05949 - 282140**


# लोहड़ी पर्व का आयोजन

Bajpur. Lohri festival was organized by the Commerce Departmental Council at Government Post Graduate College, Bajpur. Principal Dr. K. K. Pande said that such events along with cultural programs in the college give the message of harmony. Program coordinator and Head of the Commerce Department, Lt. Dr. Manpreet Singh gave congratulations and best wishes for Lohri, new season and life along with rewadis and peanuts. On this occasion, Dr. Rita Sachan, Dr. Surajpal Singh, Dr. Atish Verma, Dr. Jaya Kandpal, Dr. Anil Kumar Saini, Dr. Adarsh Chaudhary, Dr. Vikas Ranjan, Dr. Sandhya Chaurasia, Dr. Khemkaran Soman, Dr. Yogesh Pandey, Dr. Lalit Kumar, Dr. Hitendra Sharma, Dr. Pooja, Dr. Vandana, Dr. Sangeeta, Dr. Mehnaz Bano and other employees of the college were present.

# वाणिज्य विभागीय परिषद द्वारा लोहड़ी पर्व का आयोजन



**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में वाणिज्य विभागीय परिषद द्वारा लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. के. के. पांडे ने इस अवसर को उपलब्धपूर्ण बताते हुए कहा कि महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ इस प्रकार के आयोजन समरसता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के संयोजक और वाणिज्य विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. मनप्रीत सिंह ने रेवड़ियां और मूंगफली के साथ लोहड़ी, नए मौसम और जीवन की बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर डॉ. रीता सचान, डॉ. सूरजपाल सिंह, डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. जया कांडपाल, डॉ. अनिल कुमार सैनी, डॉ. आदर्श चौधरी, डॉ. विकास रंजन, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. योगेश पांडे, डॉ. ललित कुमार, डॉ. हितेंद्र शर्मा, डॉ. पूजा, डॉ. वंदना, डॉ. मेहनाज बानो सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**दैनिक भास्कर, दिनांक : 14.01.2024**

# धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

- सुख शांति समृद्धि की कामना की
- पंजाबी गायक चन्नी के गानों पर झूमे लोग



लोहड़ी उत्सव में प्रस्तुति देते पंजाबी गायक चन्नी मस्ताना



लालकुआं में लोहड़ी दहन कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. मोहन बिष्ट व अन्य

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति की ओर से शुक्रवार देर रात रामपुर रोड स्थित बैंक्वट हॉल में गुरु मां लोहड़ी उत्सव मनाया गया, जिसमें पंजाबी गायक चन्नी मस्ताना व उनकी टीम के कलाकारों ने लोहड़ी प्रज्ज्वलन एवं मंच पर धमाकेदार पंजाबी थीम पर प्रस्तुति दी। इसके अलावा विभिन्न संस्थाओं के लगभग 200 बच्चों ने भी पंजाबी लोहड़ी थीम पर प्रस्तुति दी। इस दौरान समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली पांच संस्थाएं प्राचीन शिव मंदिर समिति, नवयुवक संघ, रोशनी सोसाइटी, पुनर्नवा महिला समिति व अकाल पूरक की फौज को समिति ने स्व. प्यारा चंद ढींगरा स्मृति में संस्था सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही 10वीं और 12वीं में जिन पंजाबी बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें स्व. रमेश चंद्र मोंगा की स्मृति में आम्रपाली शिक्षण संस्थान द्वारा मेधावी सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं, जिन नवजात बच्चों एवं जिन नव विवाहित पंजाबी जोड़ों की पहली लोहड़ी है उनके साथ संस्था लोहड़ी प्रज्ज्वलित की गई एवं उनको उपहार भी दिए गए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक बंशीधर भगत, निवर्तमान मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, नीतू साहनी, हरिमोहन अरोड़ा, संरक्षक सुभाष मोंगा, कश्मीरी लाल साहनी, अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़, महामंत्री मुकेश ढींगरा, उपाध्यक्ष संजीव आनंद, उमंग वासुदेव, राजीव बग्गा, पुनीत साहनी, दिनेश मानसेरा, कनिष्क धींगरा, हितेंद्र भसीन, राजीव वाही, अशोक राजपाल, संदीप गांधी, महेश आहूजा, पंकज कपूर, किशन लाल राजपाल, अजय गुम्बर, रश्मि राजपाल, पूनम क्वात्रा, पूजा बग्गा, अवनीश राजपाल, शिखर आहूजा, अनिमेष गिरधर आदि मौजूद रहे।

**लालकुआं।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा के तत्वावधान में लोहड़ी पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया इस दौरान बुजुर्गों व जिन परिवारों में गत वर्ष बेटियां हुई हैं उन्हें सम्मानित किया गया। पंजाबी महासभा श्री गुरु सिंह सभा लालकुआं के प्रांगण में लोहड़ी पर्व पर तमाम धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। विशाल लोहड़ी मेला कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डा. मोहन बिष्ट ने किया। देर शाम लोहड़ी जलाकर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, लोहड़ी मेला कमेटी के अध्यक्ष हेमन्त नरूला, श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार हरबंस सिंह, पंजाबी महासभा के जिला महामंत्री राजकुमार सेतिया, पूर्व अध्यक्ष लाल चंद्र सिंह, रामबाबू मिश्रा, पवन चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, पुष्कर दानू, राजेंद्र पाल, हरबंस सिंह, चंद्रेश भाटिया, दीपक बत्रा, सुंदर खुराना, दीपक बत्रा, अमरनाथ भाटिया, पंकज बत्रा, संजय अरोरा, भुवन पांडे, हरेंद्र बोरा सहित सैकड़ों की संख्या में पंजाबी समुदाय के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनूप एवं आशीष भाटिया ने संयुक्त रूप से किया।

**बाजपुर।** लोहड़ी का त्योहार यहां बाजपुर में बड़े ही उल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंजाबी महासभा ने क्षेत्रवासियों को लोहड़ी शुभकामनाएं दी। क्षेत्र में पंजाबी समुदाय के लोहड़ी त्योहार को बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर इस पर्व से जुड़े पंजाबी समुदाय के अलावा अन्य समुदाय के लोगों ने भी अपने अपने घरों के आगे लोहड़ी अलाव जला कर अपने व देश के लिये खुशियां मांगी। लोहड़ी के अवसर तमाम स्थानो पर खुशिया मनायी गयीं। खास कर जिन परिवारों में नई शादियां हुई अथवा जिन के यहां संतान हुई उन परिवारों ने नगर में अपने ईष्ट मित्रों, सगे सम्बंधियों और रिश्तेदारों के साथ जमकर धमाल किया। ढोल नगाड़ों के साथ नाच गाना व खानपान भी जम कर किया गया। इस अवसर पर रेवड़ी व मूंगफली का सभी को प्रसाद रूप में वितरण किया गया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में वाणिज्य विभागीय परिषद द्वारा लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. केके पांडे ने इस अवसर को उपलब्धपूर्ण बताते हुए कहा कि महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ इस प्रकार के आयोजन समरसता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के संयोजक और वाणिज्य विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट डा. मनप्रीत सिंह ने रेवड़ियां और मूंगफली के साथ लोहड़ी, नए मौसम और जीवन की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डा. रीता सचान, डा. सूरजपाल सिंह, डा. अतीश वर्मा, डा. जया कांडपाल, डा. अनिल कुमार सैनी, डा. आदर्श चौधरी, डा. विकास रंजन, डा. संध्या चौरसिया, डा. खेमकरण सोमन, डा. योगेश पांडे, डा. ललित कुमार, डा. हितेंद्र शर्मा, डा. पूजा, डा. वंदना, डा. मेहनाज बानो सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**गदरपुर।** नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लोहड़ी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने जगह-जगह लोहड़ी जलाई और सर्वत्र सुख शांति और समृद्धि की कामना की। लोहड़ी पर्व को लेकर लोगों में खरीदारी को लेकर भी जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने लोहड़ी के पर्व पर मक्का के फुल्ले, मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक आदि खरीदी। नगर के मुख्य बाजार, सकैनिया रोड एवं गूलरभोज रोड पर व्यापारियों द्वारा जगह-जगह लोहड़ी जलाई। बैंड बाजों की मधुर धुन के बीच डीजे भी चले जिस पर लोगों ने जमकर आनंद लिया। अनाज मंडी में भी लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया श्री सनातन धर्म मंदिर के पुजारी पंडित विजय कुमार शास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना की। आरती एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गगनेजा, महामंत्री आलोक सरना और कोषाध्यक्ष मुकेश भुसरी ने संयुक्त रूप से लोहड़ी जलाई और प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर वेद राज बजाज, सतीश घीक, विजय भुड्डी, अशोक हुड़िया, विनोद भुसरी, राजकुमार भुड्डी, अशोक धीर, राजेश अग्रवाल, सतीश छाबड़ा, कृष्ण लाल सुधा, सुनील घीक, परविंदर बत्रा गब्बर, कृष्ण लाल अनेजा, टीकम खेड़ा, अशोक भुड्डी, बंटी पोपली आदि मौजूद थे।

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सनातन धर्म सभा द्वारा शाम 6.15 बजे लक्ष्मी नारायण पांच मन्दिर के सामने पं. पुष्पेन्द्र शास्त्री द्वारा किए गए मंत्रोचारण के बीच लोहड़ी प्रज्वलित की गई। सबने परिक्रमा कर लोहड़ी माता से रुद्रपुर, क्षेत्र व प्रदेश में सुख, शान्ति, अमन, बरकत की प्रार्थना की। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, संरक्षक नन्दलाल भुड्डी, विजय जग्गा, तिलकराज घई, पं. वैकुण्ठनाथ शास्त्री, राकेश सुखीजा, नरेश शर्मा, हरीश सुखीजा आदि मौजूद रहे।



लोहड़ी के अवसर पर डिग्री कालेज बाजपुर में अलाव जलाते लोग

उत्तर उजाला, नैनीताल, दिनांक : 14.01.2024